**खबर संक्षेप**

## मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने निर्माण कार्यों के लिए 19 करोड़ 15 लाख रूपए स्वीकृत कराए

**मण्डला।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के द्वारा मंडला जिले में पुल निर्माण और नर्मदा परिक्रमा मार्ग को जोड़ने के निर्माण कार्य के लिए लागत 19 करोड़ 15 लाख रूपए स्वीकृत कराए हैं। जिससे पिंडरई से केवलारी मार्ग पर थावर नदी पर पुल निर्माण 8 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से किया जाएगा। ग्राम चीतापखना (पटपरटोला) ग्राम पंचायत बरवानी में प्राथमिक शाला के सामने पुल निर्माण 6 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से किया जाएगा। इसी प्रकार से साल्हेडंडा से नर्मदा परिक्रमा सिवनी जिले को जोड़ने वाला मार्ग निर्माण 4 करोड़ 15 लाख रूपए की लागत से किया जाएगा।

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 'आनंद उत्सव 2025' हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 'आनंद उत्सव 2025' 14 जनवरी से 28 जनवरी 2025 के मध्य सुचारू रूप से संपादन कराने के लिए जिला स्तरीय समिति के गठन करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक समिति में कलेक्टर अध्यक्ष एवं जिला नोडल अधिकारी मंडला सदस्य सचिव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंडला, सर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण मंडला, जिला खेलकूद संगठन मंडला, उपसंचाक सामाजिक न्याय विभाग मंडला, समन्वयक जन अभियान परिषद मंडला, समन्वयक जिला नेहरू युवा केन्द्र मंडला, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला संपर्क व्यक्ति आनंद विभाग और सहायक संचालक जनसंपर्क सदस्य होंगे।

**विजन मंडला/2047 के प्रथम प्रारूप पर परिचर्चा**

# 100 करोड़ से विकसित होगा कुम्भस्थल

*** लालीपुर से बिनैका तक बनेगा फ्लाईओवर ब्रिज।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। जिले में प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जाएगा, जिससे विकसित समृद्ध और संपन्न मंडला का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने अभियान में शहर और गांव को जोड़ने का कार्य किया है। जिससे समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके गुरूवार को जिला योजना भवन में आयोजित विजन मंडला/2047 प्रथम प्रारूप परिचर्चा की बैठक को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम, जिला पंचायत सदस्य सभापति (संचार एवं संकर्म) शैलेष मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि श्री जयदत्त झा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद कुमार सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने आयोजित बैठक के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। बैठक में मंत्री श्रीमती संपतिया उइके सहित समस्त मंचासीनों को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।




मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मरक्षा, रोजगार, कला, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में चौदह प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं। जिले में सभी अभियान सफल रहे हैं, इस अभियान में जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, पत्रकारों और नागरिकों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज आयोजित इस बैठक में जिले को समृद्ध, विकसित और संपन्न बनाने के लिए सभी के द्वारा विजन डॉक्यूमेंट मंडला में परिचर्चा की जाएगी। मंडला जिले के विकास के लिए सभी से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे कि 2047 में मंडला जिले का परिदृश्य कैसा होगा। उन्होंने बताया कि मंडला जिला मुख्यालय उदयचौक में पार्किंग व्यवस्था हेतु सात करोड़ रूपए प्रदान किए गए हैं। नगर की सौन्दर्यता एवं पाईपलाईन निर्माण हेतु भी राशि जारी की गई है। उन्होंने बताया कि माहिष्मती घाट का निर्माण लाल पत्थरों से किया जाएगा। इसके लिए एक करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है। पंचचौकी महाआरती के लिए पांच लाख रूपए प्रदान किए गए हैं।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि विजन मंडला/2047 तक मंडला जिले के नागरिक हवाईजहाज से यात्रा करेंगे। ग्राम ग्वारा में हवाईपट्टी का निर्माण किया गया है। नागरिकों को पीएमश्री योजना के तहत हेलीकॉप्टर के माध्यम से उपचार हेतु महानगरों में भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि कान्हा नेशनल पार्क में पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाएगा। मंडला जिले में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। जिससे मंडला जिले में रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे। मंडला जिले में सड़क मार्ग और पुल-पुलियों का सौन्दर्यीकरण कर निर्माण किया जाएगा। नैनपुर-मंडला बायपास का निर्माण किया जाएगा। मंडला जिले की स्वसहायता समूह की महिलाओं को परिचर्चा एवं कार्ययोजना बनाने के लिए बैठक आयोजित करने हेतु सामुदायिक ग्राम संगठन भवनों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंडला जिले में वर्तमान समय में पचास सामुदायिक ग्राम संगठन भवन का निर्माण किया जा रहा है। प्रत्येक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु पंद्रह-पंद्रह लाख रूपए की राशि जारी की गई हैं।



मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि मंडला नगर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए लालीपुर से बिनेका तक फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। महाराजपुर से पुरवा को जोड़ते हुए बंजर नदी में ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामाजिक संगठनों के लिए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु बीस-बीस लाख रूपए जारी किए गए हैं। नर्मदा नदी की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए सामुदायिक भवन और शौचालयों का निर्माण किया जाएगा, जिससे नर्मदा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने बताया कि मंडला जिले में अर्धकुम्भ स्थल को व्यवस्थित किया जाएगा। जिससे जिले में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। अर्धकुम्भ स्थल में सौ करोड़ की लागत से सामुदायिक भवन, होम स्टे, सेल्फी प्वाईंट, ऑडीटोरियम एवं अन्य निर्माण कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ऑडीटोरियम का निर्माण बारह करोड़ की लागत से किया जाएगा। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मंडला नगरवासियों से अपील की है कि शहर में स्वच्छता को अपनाएं, अपने आसपास के वातावरण को साफ व स्वच्छ रखें, जिससे मंडला जिले की पहचान स्वच्छ शहरों में हो सके।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि जिले में 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन दिवस मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व प्रारंभ है। रात्रि चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर लगाए जा रहे हैं। कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित कर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंडला जिला 2047 में किस रूप में होगा, इसके लिए परिचर्चा कर विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाएगी। आदर्श मंडला निर्माण हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, औद्योगिक विकास, पर्यटन, अधोसंरचना विकास, कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में आरोग्यम शिविर, अ से अक्षर अभियान, अग्निपथ योजना, स्वच्छता ही सेवा अभियान, स्वर्ण कवच अभियान, छू लो आसमान, अपराजिता अभियान, ज्ञानसूत्र अभियान, धार्मिक पर्यटन, पंचचौकी महाआरती, शक्ति सारथी अभियान, मंडला गौरव दिवस, रात्रि चौपाल, रैन बसेरा, आनंदम नेकी की दीवार जैसे जनकल्याणकारी अभियान जारी हैं। इसका लाभ जिले के नागरिकों को मिल रहा है। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों के द्वारा सुझाव आमंत्रित किए गए। सभी ने विजन मंडला/2047 के लिए अपने सुझाव दिए। आयोजित कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

## अनसुलझी हत्या का बिछिया पुलिस ने किया खुलासा



**मण्डला।** दिनांक 10.12.2024 को मृतक बृजेश भारतीय की नानी अमरावती ने ग्राम कोटवार के साथ थाना आकर सूचना दर्ज कराई कि मेरे नाती बृजेश की लाश को गांव के बच्चों ने कल रात्रि 9:00 बजे करीब मेरे घर पर लेकर आए थे बृजेश के गले में नाखूनों के निशान थे सूचना तस्दीक बाद मर्ग क्रमांक 135/24 धारा 194 BNSS का पंजीबध्द कर जांच में लिया गया मर्ग जांच पर मामला हत्या का पाए जाने से अपराध क्रमांक 503/2024 धारा 103(1) BNS का अज्ञात आरोपी के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा थाना प्रभारी बिछिया को आदेशित किया गया कि मामले में अज्ञात आरोपी का पता लगाकर जल्द से जल्द गिरफ्तार करें, अनुभागीय अधिकारी बिछिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिछिया द्वारा मामले में टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी की गई ,मामले की विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्य के आधार पर मामला प्रेम प्रसंग से जुडा होकर, आरोपी शैलु भारतीय पिता खोजु सिंह जाति बेगा निवासी कन्हरी खुर्द थाना बिछिया के द्वारा दिनांक 09/12/2024 की रात्रि करीब 9:00 बजे बृजेश भारतीय का गला दबाकर पच्चु बेग के खेत पर हत्या करना पाए जाने से आरोपी को मामले में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश पर जिला जेल मंडल में दाखिल किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी बिछिया धर्मेंद्र सिंह धुर्वे स.उ.नि. धनपाल .प्रआर. विवेक,अजीत, गणेश, आर. अरविंद बर्मन, संजय,नवीन, महेंद्र, सुलोचना सैनिक महावीर का विशेष योगदान रहा।

## कांग्रेस ने आज धान खरीदी केंद्र दानीटोला ओरई पहुंचकर किया विरोध प्रदर्शन



**भुआबिछिया।** प्रदेश की भाजपा सरकार हर मामले विफल हे पूर्व मुख्यमंत्री किसानों को धान ओर गेहूं के वाजिब दाम देने खुले मंच से घोषणा की थी कि किसानों को धान का 3100/रूपये ओर गेहूं का 2700/रूपये में खरीदी जाएगी मगर सरकार में आते ही सबसे पहले किसानों को ही छला गया और उनका हक उन्हें नही दिया, किसानों की वाजिब मांगों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस बिछिया विधासभा छेत्र हर खरीदी केंद्र पर जाकर खरीदी केंद्र का घेराव कर रही है आज सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने खरीदी केंद्र दानीटोला, ओरई पहुंच कर खरीदी केंद्र का घेराव किया और एक स्वर में धान ओर गेहूं का वादा के मुताबिक 3100/ ओर 2700/ करने की माँग की आज प्रदेश की सरकार बने एक साल से ज़्यादा हो रहे हैं और किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा आज बिछिया ब्लाक के द्वारा दिनांक 19/12/24 दिन गुरुवार को धान खरीदी केंद्र दानीटोला औरई पहुंचकर भाजपा सरकार की वादा खिलाफी का विरोध किया गया किसान न्याय महा आंदोलन जो कि विधायक नारायण सिंह पट्टा के नेतृत्व में दिनांक 23 जनवरी 2025 ग्राम अंजनिया में किया जाना है इसमें समस्त कृषकों को आमंत्रित किया गया। जिसमे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया के अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, टेकराम राय विधायक प्रतिनिधि रागनी परते जनपद सदस्य मेवा लाल धुर्वे जनपद सदस्य बाबा चौहान दादा भाई विश्वकर्मा कलीराम मार्को घनश्याम अहिरवार प्रहलाद उर्वेती सुखचेंन परते शिवचरण कुड़ापे लखन आयाम प्रहलाद अहिरवार सिंगराम उईके देव सिंह उईके समेत सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे।

## पुलिस चौकी मनेरी थाना बीजाडांडी पुलिस ने चोरी का खुलासा



**बीजाडांडी।** पुलिस चौकी मनेरी थाना बीजाडांडी के अंतर्गत इण्डियन आयल के पास दिनांक 15 से 18 दिसम्बर 2024 के के बीच शटर का ताला खोलकर होटल दुकान से नगदी 7000 हजार रुपये एवं मोबाइल आई फोन 16 प्रो मेक्स कम्पनी का अज्ञात व्यक्तियो द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट पर से चौकी मनेरी में अपराध क्रमांक 360/2024 धारा - 331(4), 305(ए) भा.न्या.स का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एसडीओपी निवास पी.एस.बालरे के निर्देशन में थाना प्रभारी बीजाडाडी निरी. अंतिम पंवार के नैतृत्व में अज्ञात चोरो की पतारशी हेतु विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा प्राप्त तथ्यों के आधार पग संदेही दुर्गेश मरावी पिता बहादुर सिंह मरावी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम जमौड़ी थाना कुण्डम जिला जबलपुर हाल ग्राम मेढ़ी पुलिस चौकी मनेरी थाना बीजाडाण्डी से पूछताछ की गई जिसने दिनांक15/12/24 को रात्रि करीब 08/30 बजे करीब छत की टीन काटकर दुकान के अंदर काउंटर से चोरी करना स्वीकर किया । आरोपी के निशादेही में चोरी गया समान एक मोबाईल आईफोन 16 प्रो एवं नगदी 6000/- रुपये की जप्त किया गया । आरोपी को धारा 331(4),305(ए) बी.एन.एस. में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

**शोभायात्रा** | **27 दिसंबर को पूर्णाहूति, कन्या पूजन एवं महाप्रसादी के साथ होगा समापन।**

# शिव महापुराण की निकाली गई भव्य शोभायात्रा

*** विभिन्न वेशभूषा में शामिल हुए कलाकार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नगर मुख्यालय के पीडब्लूडी कॉलोनी मैदान में 19 दिसंबर से शिव महापुराण प्रांरभ हुई है। पहले दिन गुरुवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभयात्रा में महिलाओं ने आकर्षक रूप से सजे कलशों को सिर पर रखा और गाजे बाजे के साथ मां नर्मदा तट पहुंची और यहां पर विधि विधान से पूजन किया गया। शोभायात्रा में अन्नया सिंधिया शिव के रूप में बनी, शिक्षा सिसोदिया पार्वती के रूप में आकर्षण का केन्द्र रही। वहीं अन्य कलाकार विभिन्न वेशभूषा में शामिल हुए। कलश यात्रा की वापसी के बाद कार्यक्रम स्थल में गणेश पूजन एवं देवताओ की स्थापना पूजन हुआ। आज से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शिव महापुराण होगी। 27 दिसंबर को पूर्णाहूति, कन्या पूजन एवं महाप्रसादी (भंडारा) समापन होगा। कथा का वाचन कथा व्यास आचार्य शशिकांत द्विवेदी प्रयागराज उप्र करेंगे। महाराज श्री ने बताया कि पूरे भारत वर्ष के साथ पूरी दुनिया में भगवान शिव के जितने भक्त हैं वो भगवान शिव से सुख और शांति की कामना करते हैं। भगवान शिव के भक्तों के लिये शिव पुराण का बड़ा महत्व है। इस पुराण में शिव भगवान की महिमा की गई है। इस पुराण में शिव जी को वात्सल्य, दया और करुणा की मूर्ति के रुप में महिमा मंडित किया गया है। इस पुराण का पाठ करने से भक्तों के अंदर भी ऐसे ही गुणों का संचार होता है। यानि भक्तों का चरित्र भी भगवान शिव की ही तरह बनने लगता है। जो भक्त शिव पुराण का विधि पूर्वक पाठ करते हैं वो जीवन-मरण के चक्र से भी मुक्ति पा जाते हैं। इसलिये हिंदू धर्म में शिव पुराण को बहुत अहम माना जाता है। सामाजिक कार्यकर्ता सोनल बर्मन ने बताया कि शिव महापुराण का आयोजन 19 से 27 दिसंबर तक किया जा रहा है जिसमें 19 दिसम्बर को भव्य कलश यात्रा गणेश पूजन, पुराण एवं देवताओ की स्थापना-पूजन किया गया। कथा का वाचन कथा व्यास पं.पू.आचार्य शशिकांत द्विवेदी प्रयागराज उ.प्र के द्वारा किया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम में रामकिशन-उषा बर्मन सोनल-श्रृद्धा बर्मन अनिल-सोनम बर्मन, पूनम बर्मन सहित सैकड़ो धर्मप्रेमी शामिल रहे।





## एसपीएल फाइनल रोमांचक मुकाबले में सेवेजर्स ने चार विकेट से जीता मैच

*** सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन, चिराग बने मैन ऑफ द सीरीज।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नगर में पहली बार आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता ने लोगों का दिल जीत लिया। श्री झूलेलाल क्रिकेट काउंसिल के द्वारा पोड़ी महाराजपुर के नवीन निर्मित खेल परिसर में सिंधी समाज के युवाओं के द्वारा एक पहल की गई,जिसमें रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,18 टीमों की सहभागिता में नन्हे बच्चों से लेकर बड़ी उम्र तक के सामाजिक जनों ने क्रिकेट में अपना जौहर दिखाया, नॉकआउट मैचों की इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम फाइनल पहुंची, फाइनल मैच सेवेजर्स एवं सुभाष वार्ड नाइट राइडर्स की टीम के बीच खेला गया। जिसमें सुभाष वार्ड नाइट राइडर्स की टीम ने टॉस जीतते हुए पहले बैटिंग का फैसला किया, सेवेजर्स की बेहतर बॉलिंग और फील्डिंग के कारण बैटिंग टीम की रन बनाने की शुरुआत धीमी रही,इसके बाद बैटिंग करने आए आयुष चंदानी और संभव क्षत्री के योगदान से टीम ने 5 विकेट पर 58 रन बनाए,जवाब में उतरी सेवजर्स की टीम की शुरुआत भी धीमी रही लेकिन तीन विकेट गिरने के बाद आए चिराग रहदवानी ने धैर्य से खेलते हुए अपना खेल शुरू किया,फिर ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए 21 बॉल में 41 रन बनाकर मैदान में रोमांच भर दिया ,13 गेंदें शेष रहते अपनी टीम को फाइनल मैच जितवा दिया, इससे पहले मैच की शुरुआत सभी सदस्यों के द्वारा राष्ट्रगान गाकर की गई और खिलाड़ी भावना का परिचय दिया गया।इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारी,सिंधु नवयुवक मंडल के सदस्य एवं बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहे, समापन के अवसर पर इस सीरीज में सभी मैचों में मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ी को सम्मानित किया गया,सीरीज में नन्हे खिलाड़ियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।सेवेजर्स टीम को विजेता कप के साथ सम्मानित किया गया, इसके साथ ही विजेता टीम को 21 हजार रूपए का पुरस्कार दिया गया,उपविजेता सुभाष वार्ड नाइट राइडर्स को भी कप के साथ सम्मानित किया गया, इसके साथ ही उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया,मैचों की श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन के कारण चिराग रहदवानी को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया,समाज के युवाओं की इस पहल की सभी जगह सराहना हुई, पूज्य सिंधी पंचायत के द्वारा सिंधी प्रीमियर लीग के आयोजक सदस्यों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उनका उत्साहवर्धन किया गया।



## खबर संक्षेप

### बहू को निमंत्रण देने पर भतीजों की चाचा के साथ मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सहावन टोला निवासी शंकर लाल पिता बाबू लाल पारधी उम्र 60 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वही झाडू बनाने का काम करता है। प्रार्थी के भाई के बेटा ने अपनी ग्राम बरांझ निवासी बहू को छोड़ दिया गया जिसके चलते वह अपने मायके में रहती है। मगर किसी आयोजन के चलते प्रार्थी द्वारा अपनी बहू को निमंत्रण दिये जाने की बात को लेकर उसके भाई के बेटा गिरीश पारधी, पप्पू पारधी तथा बबलू पारधी द्वारा एक राय होकर गंदी गंदी गलिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तिाा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी चाचा की शिकायत पर आरोपी भतीजों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### अवैध रूप से हथियार लेकर घूमते हुये किया गिरप्तार

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा मुखबिर द्वारा दी गई सूचना के चलते जमाडा रोड पर एक युवक को अवैध रूप से हथियार लेकर घूमते हुये पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम मनीष पिता उमा शंकर कौरव उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम सिहोरा बताया गया। इस तरह पुलिस ने आरोपी के पास से तेज धारदार चाकू जप्त करते हुये धारा आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया है।

### पुरानी बुराई को लेकर की गई मारपीट

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौड़िया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके पडौस में निवासी करने वाले लीलाधर धानक नामक व्यक्ति से पुराना विवाद चल रहा है। उसी के चलते बीते हुये दिवस उसने गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई उसी दौरान उसका भांजा रिंकु धानक तथा बहिन भी आ गई और सभी ने एक राय होकर मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### तीन ने मिलकर की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पचामा निवासी लालमन पिता परसराम लोधी उम्र 50 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब रात के समय वह अपने घर पर था उसी समय ग्राम के पवन ठाकुर, हर किशन ठाकुर तथा नतिन ठाकुर द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई। इस तरह जब आरोपियों द्वारा मारपीट की जा रही थी तो उसी समय प्रार्थी की पत्नी, पुत्र व पिता ने पहुंचकर जब बीच बचाव करने का प्रयास किया गया तो आरोपियों द्वारा उनके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाये जाने पर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### ट्रक की टक्कर से कार को पहुंची क्षति

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस गाडरवारा ही कामर्थ वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह बीते हुये दिवस अपने साथी शेख सोहेल के साथ खुद की कार क्रमांक MP04CV4071 से बाजार जा रहे था। उसी समय राठी तिरहा के पास ट्रक क्र.UP94T7036 के चालक द्वारा अपने ट्रक को लापरवाही पूर्वक चलाते हुये कार को टक्कर मार देने के कारण कार में टूट फूट होने के चलते क्षति पहुंची है। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### वर्मा का निधन



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। नगर के अटरोइया परिवार के वरिष्ठ सदस्य दुर्गा प्रसाद वर्मा का बीते हुये दिवस निधन हो गया। ज्ञात हो कि वह भावसिंह वर्मा (शिक्षक) केशव वर्मा के पिता एवं श्रीमती ज्योति वर्मा (शिक्षक)के ससुर थे। स्व वर्मा की शव यात्रा में सभी वर्ग के लोगो ने शामिल होकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

### खाते की जानकारी लेने के लिये लगाना पड़ते हैं अनेक चक्कर..

# लगातार मांग करने के बाद भी खुलरी बैंक में अभी तक नहीं लग पाया एटीएम

### उपभोक्ताओं को अपने खातों से राशि निकलने में लगाना पड़ती है लम्बी लाईन



**हरिभूमि न्यूज/ खुलरी।** जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगातार प्रयास करते हुए देश को डिजीटल इंडिया बनाने में लगे हुए है जिसके चलते लोगों का हर लेन देन बैकों के माध्यम से कराने का प्रयास करते हुए संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए कैस लेस बनाया जा रहा है। इस प्रकार से देश के प्रधान मंत्री की इस सोच को लेकर लोगों द्वारा प्रसन्नता तो निश्चित ही जाहिर की जा रही है। मगर देखा जावे तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंको में पर्याप्त व्यवस्थाएं नही हो पाने के कारण बैक उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है जिसको लेकर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैकों में पर्याप्त व्यवस्थाएं नही होगी तो फिर क्या देश के प्रधानमंत्री का केश लेश डिजिटल इंडिया बनाने का यह सपना पूरा हो पायेगा? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय खुलरी स्थिति भारतीय स्टैट बैंक में देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि क्षेत्र की मात्र एक बैक के माध्यम से ग्राम खुलरी सहित ग्राम भौरझिर, मुडिया, बिलोनी, सूरना, घघरौला, पटना, लिंगा, पिठहरा, भूमिया ढ़ाना, करहैया, सलैया, बेहरा सहित अन्य गांवों के किसानों से लेकर पंचायत व स्कूली छात्र छात्राओं के खाते इसी बैंक के माध्यम से संचालित हो रहे है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा किसानों के लिये भी अनाज विक्रय से लेकर अन्य योजनाओं की राशि भी बैक खातों में भेजे जाने कारण क्षेत्र के किसान भी इसी बैक के भरोसे चल रहे है, जिसके चलते इस बैक शाखा में प्रतिदिन खातोंदारों की भीड़ लगना आम बात हो चुकी है। वही बैक अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का प्रयास होता है कि वह अपने उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करने के लिए मजबूर न करे। मगर बैक के समय में अक्सर सरबर डाउन होने के साथ अन्य प्रकार की परेशानिय आने के कारण वह भी अपने उपभोक्ताओं को समय पर संतुष्ट करने में सफल नही हो पा रहे है। क्योंकि खातेदार अपनी छोटी से छोटी राशि निकालने के लिये भी बैक की लाईन में लगने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। यह बात अलग है कि खाते से पैसा निकालने के लिये अन्य जगहों पर सुविधाये तो मौजूद है। मगर उस सुविधा का लाभ लेने के लिये खातेदार को अतिरिक्त राशि का भुगतान करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इसी के चलते क्षेत्र के लोगों द्वारा बीते हुये लम्बे समय से भारतीय स्टैट बैक शाखा खुलरी में एटीएम स्थापित किये जाने की मांग उठाई जा रही है। मगर इसके बाद भी यहां पर एटीएम नही लगना जिम्मेदारों की उदासीनता का प्रमाण उजागर करने से नही चूक रहा है, जिसके चलते देखा जाता है कि ग्राम सहित अनेक गांवों से आने वाले लोग दिन दिन भर लम्बी लाईनों में लगे रहने के बाद जब बैक का समय समाप्त हो जाता है तो उन्हें खाली हाथ अपने घरों को लौटने के लिये मजबूर होना पड़ता है। वही दूसरी ओर बैक में उपभोक्ताओं की पासबुको में एन्ट्री करने की व्यवस्था तक उपलब्ध नही होने से उपभोक्ताओं के अपने खातों जमा राशि की जानकारी तक नही मिल पा रही है? इसी बात को लेकर बीते हुये बीते हुये दो वर्ष पहले ग्राम खुलरी के लोगों द्वारा क्षेत्र के तत्कालीन सांसद राव उदय प्रताप सिंह को एक ज्ञापन सौपते हुये खुलरी स्थित भारतीय स्टैट बैक शाखा में शीघ्र ही एटीएम सहित पास बुक प्रेटिंग मशीन लगाये जाने की मांग की गई गई थी। मगर वह मांग शायद आज तक पूरी ही नही हो पाई है और पता नही कब तक पूरी होगी इसका किसी को पता नही..? क्योंकि सासंद महोदय खुद ही अब सांसद के बाद गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के विधायक के बाद प्रदेश की सरकार में मंत्री बन चुके है...? वही दूसर ओर स्टैट बैक शाखा में एटीएम मशीन न होने को लेकर लोगों की परेशानियों के संबंध में जब ग्रामीणों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यह बात सही है कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा अच्छी सोच के साथ देश को तरक्की की ओर ले जाया जा रहा है और हर कार्य के लेद देन को सरकार द्वारा जिस प्रकार से कैश लेश किये जाने पर जोर दिया जा रहा है उससे निश्चित भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। मगर वही दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों की बैक शाखाओं में लेन देन के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं नही होने के कारण लोगों को लेन देन करने में परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इस स्थिति में ग्राम खुलरी बैक में एटीएम की स्थापना की बहुत जरूरी हो गई है जिससे लोग जरूरत पड़ने पर अपने पैसा निकाल सके। इसी प्रकार से गुड उत्पादक कृषकों का कहना है कि जिस प्रकार से सरकार द्वारा किसानों के लिये चलाई जा रही अनेक योजनाओं के साथ साथ अनाज खरीदी का पैसा सीधे किसानों के खातों में भेजा जाता है। मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब बैकों में किसानों को अपनी राशि निकालने के लिये पर्याप्त व्यवस्थाएं नही होगी तो वह अपनी राशि कैसे निकाल पायेगा। एटीएम की सुविधाये शहरों में तो है पर गांवो में न होने से लोग परेशान होते है। लगातार मांग किये जाने के बाद भी खुलरी बैक में एटीएम न लग पाना यहां विभाग व क्षेत्र के जिम्मेदारों की उदासीनता का परिणाम है। इसी प्रकार से छात्र छात्राओं से चर्चा की गई तो उसका कहना था कि सरकार द्वारा जिस तरह लेनदेन की व्यव्स्था डिजिटल की गई है वह बहुत अच्छी है मगर गांवों की बैकों में एनटीएम न होने से इन योजनाओं का सही लाभ नही मिल पा रहा है। मेरे पास एंड्राइड फोन न होने से में फोन पे नही कर पाती हूं..? अगर गांव में एटीएम की सुविधा होती तो हम सभी स्कूली बच्चों को इसका लाभ मिल सकता था। वही स्कूली छात्रा का कहना है कि हमारे गांव खुलरी की पांच हजार से अधिक की आवादी होने के साथ यहां पर स्थिति स्टैट बैक शाखा से आसपास के अनेको गांव जुडे हुये है। जिसके चलते हजारों छात्र छात्राओं के बैक खाते इसी बैक से संचालित होने के बाद एटीएम की व्यवस्था नही होने से हम छात्र छात्राओं को पैसा निकालने के लिये करेली या फिर गाडरवारा जाने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इस स्थिति में हम लोगों का समय बर्बाद होने के साथ साथ पढ़ाई भी प्रभावित होने से नही चूकती है।

## रेल्वे गेट के पास बढ़ते अतिक्रमण व आवारागर्दी करने वालों की हरकतों पर नहीं लग रहा अंकुश



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय शहर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर खुलेआम अतिक्रमण को जाल बिछते हुये देखे जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली निश्चित तौर से जहां अतिक्रमणकारियों के लिये संरक्षण की मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर जिस तरह नगर के रेलवे स्टेशन के समीप यानि की चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे हुये रेल्वे गेट के पास अतिक्रमण करते हुये स्थापित हो रही दुकानों पर जहां सुबह से लेकर देर रात तक आवारा गर्दी करने वालों का जमावडा लगा रहता है तो दूसरी ओर शाम होते ही यहां पर शराब खोरी करने वालों की अशोभनिय हरकते देर रात चलने के कारण यहां पर निवास करने वाले लोगों के साथ साथ इस मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है? रात के समय तो हालत यह बन जाते है कि नगर के युवा दर्जनों की सुख्या में अपनी गाड़ियों से पहुंचकर एकत्र हो जाते है और खुलेआम मादक पदार्थो की बिक्री व सेवन का दौर शुरू होता है जो देर रात तक चलता रहा है। इस संबंध में स्थानीय पुलिस को अवगत कराये जाने के बाद कुछ दिनों तक तो पुलिस द्वारा नजर रखी गई । मगर सच्चाइर को फिर भुला दिये जाने के चलते अब आवारा गर्दी करने वालों के लिये यह स्थान प्रमुख अड्डा बनकर रहे गया है। यहां पर मादक पदार्थो की ब्रिकी की सच्चाई पर गौर किया जावे तो पुलिस थाने में दर्ज अनेक मामलों में मादक पदार्थ यानि की स्मैक के कारोबारियों को इसी क्षेत्र से पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी इस तरह पुलिस के रिकार्ड के अनुसार यह क्षेत्र आवारा गर्दी करने वालों के साथ मादक पदार्थो की मंडी के रूप में भी तब्दील होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? बताया जाता है कि यहां पर खाली पड़ी हुई सड़क किनारे की भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम अतिकमण करते हुये अपनी दुकाने स्थापित की गई है। इन दुकानों पर दिन भर आवारा गर्दी करने वाले तत्वों का हुजूम रहने के चलते आम लोगों के साथ साथ स्कूल आने जाने वाली छात्राओं को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि यहां पर लगी हुई दुकानों पर बैठे रहने वाले इन तत्वों द्वारा आसपास के गांवों से स्कूल आने वाली छात्राओं के साथ अशोभनीय हरकते करते हुये छीटाकशी करने से नही चूकते है और छात्राये दहशत व भय के चलते इन मनचलों की हरकतों से परेशान होकर अपमान का कढावा घूंट पीने के लिये मजबूर हो रही है। वही दूसरी ओर कुछ इसी प्रकार का हाल रात के समय भी देखने मिल रहा है। क्योंकि जब पूरे शहर की दुकाने बंद हो जाने के बाद भी यहां पर अतिक्रमण करते हुये स्थापित की गई दुकाने देर रात तक चलते हुये देखी जाती है जहां पर शराब की अवैध विक्री से लेकर अन्य प्रकार के मादक पदार्थो की आसानी से उपलब्धता के चलते युवाओं को इसी और दौड़ते हुये देखा जाता है। रात के समय यहां पर दुकानों से लेकर खुले मैदान में शाम से लेकर देर रात तक शराब खोरी होने के कारण लड़ाई झगड़ा होना तो आम बात हो चुकी है। मगर शराब खोरी करने वाले लोगों द्वारा रात के समय इस मार्ग से निकलने वाले लोगों के साथ अभद्रता करने से नही चूकते है तो दूसरी ओर इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोग भी इस तरह नगर के रेल्वे गेट के पास दिन रात होने वाली आवारा गर्दी से परेशान होते हुये देखे जा रहे है। जबकि गौर किया जावे तो पूर्प में अनेकों बार रेल्वे की इस भूमि पर दुकाने स्थापित करने वाले के खिलाफ आर पी एफ के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुये इन्हे हटा दिया गया था। मगर पता नही क्योंकि आर पी एफ सहित रेल पुलिस व नगर के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा यहां पर दिनों दिन बढ़ रहे अतिक्रमण को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि आम लोगों के लिये भुगतने मजबूर होना पड़ रहा है।

## तेज आवाज वाले बाइकर्स के खिलाफ की जा रही कार्यवाही में सालीचौका क्षेत्र से परहेज क्यों....?



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** शहर से लेकर क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाले दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहनों मे जिस तरह यातायात नियमों को दर किनार करते हुये प्रेशर हार्न का चलन आम नागरिकों के लिये परेशानी का सबब बन रहा है। उसमें मुख्य रूप से कान फोडू आवाज वाले इन प्रेशर हार्न से कई बार राह चलते लोग भौचक रह जाते है तथा कभी कभी अपना संतुलन खो देते है। मुख्य रूप से मोटर साईकिल, आटों व अन्य छोटे बड़े वाहनों यहां तक कि ट्रक आदि चार पहिया वाहनों मे इन दिनों तेज आवाज वाले प्रेशर हार्न लगाने का फैशन सा चल पड़ा है। लेकिन प्रेशर हार्न से राह गुजरते लोगों को कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ता है,एक ओर इन प्रेशर हार्नो की वजह से अधिक शोर गुल तो होता ही है। वही कई बार राह चलने वाले इन तेज आवाज वाले हार्न से भौजक रह जाते है और कभी कभार अपना संतुलन भी खो बैठते है। दप्तरों के कर्मचारी भी परेशान-आम नागरिकों के अलावा आफिस दप्तरों मे काम कर रहे कर्मचारी अधिकारी भी इन तेज आवाज के प्रेशर हार्न से विचालित हो जाते है जिसके कारण अनायास ही उनका ध्यान इन प्रेशर हार्न की ओर जाता है जिसके कारण उनके काम पर भी बुरा असर पड़ता है। वही नगर की प्रमुख सड़क के किनारे स्थित शासकीय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को भी इन हार्नो के चलते परेशानियों से गुजरना पड़ता है। वही स्कूलों में पढ़ने वालें बच्चों की स्थिति तो और खराब ही रहती है। युवा वर्ग मे अधिक क्रेज-प्रेशर हार्न और स्टाईलिश हार्न का क्रेज युवा वर्ग मे अधिक है जो फर्राटे भरते हुए अपने दो पहिया वाहनों मे तेज आवाज और स्टाईलिश वाहनों का इस्तेमाल करते है। शौकिन युवा वर्ग ऐसे मंहगे प्रेशर हार्न को अपने वाहन मे लगाना अपनी शान समझते है तथा सुबह पांच बजे से ही अपने वाहनों में लगे इन हार्नो को सड़क छाप मंजनुओं की तरह स्कूल व कोचिंग तथा टियूशन जाने वाली छात्राओं के आगे पीछे घूमकर उन्हें परेशान करने लगते है। ट्रको मे भी होते है इस्तेमाल- दो पहिया वाहनों के अलावा लम्बी दूरी के सफर करने वाल ट्रकों मे भी प्रेशर हार्न का प्रयोग किया जा रहा है, प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में कोयला भरकर यहां के स्कूलो, थाना सहित चिकित्सालय के सामने से गुजरते है। इस प्रकार से कुल मिलाकर इन तेज आवाज वाले कान फोडू स्टाईलिश प्रेशर हार्न मे जहां कोलाहल बढ़ रहा है वही आम नागरिकों को कई बार दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा जिसको लेकर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में इस समय बडे बडे शहरों में लगातार मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जा रही है। मगर इस कार्यवाही से सालीचौका क्षेत्र से परहेज किया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। क्योंकि इस तरह तेज हार्न वाले वाहनों की मनमानी से सिर्फ बडे शहरों में रहने वाली लोग ही नही बल्कि छोटे कस्बों में निवास करने वाले लोग भी परेशान होने से नही चूक रहे है। क्षेत्र के लोगों द्वारा कान फोडू साईलेंसर तथा तेज हार्न वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जा रही है।



### स्कूल मे किया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम कछपुरा टोला के शासकीय प्राथमिक विद्यालय मे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर डॉ हरिओम कौरव ने बच्चों को ठंड के मौसम मे लगने वाले बीमारियों से सावधान रहने संबंधी जानकारियों से अवगत कराते हुये उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम से बचाव हेतु सभी बच्चे गर्म कपड़े पहनकर स्कूल आएं एवं ठंडी सामग्री खाने से परहेज करें। वही दूसरी ओर यहां की आँगनबाड़ी के बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अवसर पर शिक्षक नेतराम कौरव एवं श्रीमति आशा कौरव उपस्थित रहे।

## बाहरी लोगों द्वारा नगर की शासकीय भूमि पर कब्जा करते हुए झोपड़ी बेचने का किया जा रहा गोरखधंधा, प्रशासन अनजान



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय नगर में जहां तहां पड़ी हुई शासकीय भूमि पर जिस प्रकार से अतिक्रमण हो रहा है उसे देखकर यह जान पड़ने लगा है कि शायद प्रशासन द्वारा अपनी आंखे बंद करते हुए अतिक्रमण कारियों को मौन स्वीकृति प्रदान कर दी गई है जिसके चलते लोगों द्वारा खुलेआम शासकीय भूमियों पर अपनी झोपड़ी नुमा टपारियाँ बनाते हुए उन्हें चंद रूपयों में बेचकर दूसरे जगह स्थापित हो रहे है? इस संबंध में बताया जाता है कि नगर के अनेक वार्डो में जहां शासकीय भूमि पड़ी हुई है जिस कुछ बाहरी लोगों द्वारा नगर में आकर रातो रात अपनी झोपड़ी नुमा टापरियों का निर्माण कर लिया जाता है जिनमें कुछ दिनों तक वह निवास करते है और इसके बाद चंद रूपयों में अन्य दूसरे बाहरी व्यक्ति को बेचते हुए खाली पड़ी हुई अन्य शासकीय भूमि पर रातो रात कब्जा करते हुये अपनी झोपड़ी का निर्माण करने के साथ शासकीय संपत्ति को अपने कब्जे में करने से नही चूकते है? इस प्रकार की सच्चाई के चलते जहां नगर की शासकीय भूमि तो अतिक्रमण की भेंट चढ़ ही रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि दूसरे क्षेत्रों से आये हुए लोगों द्वारा नगर में जहां तहां झोपड़ी बनाते हुए किये जा रहे गोरख धंधे के चलते अन्य अपराध भी जन्म ले रहे है..? बताया जाता है कि जब यह लोग क्षेत्र के किसी गांव या फिर दूसरे शहर से आकर यहां पर झोपड़ियों का निर्माण करते हुए उनमें निवास करने लगते है तो प्रशासन द्वारा इनकी कोई खोज खबर नही ली जाती है कि आखिर में यह लोग यहां पर कहा से आये है और क्यों आये है तथा इनके द्वारा जिस भूमि पर अपनी झोपड़ी का निर्माण किया गया है वह जगह सही मायने में है किसकी ? इस प्रकार से प्रशासन की उदासीनता के चलते जहां नगर की शासकीय भूमि अतिक्रमण में भेंट तो चढ़ ही रही है, वही दूसरी ओर इन लोगों द्वारा शासकीय भूमि को अपनी बताते हुए अपने रिस्तेदार या फिर किसी गांव के व्यक्ति को चंद रूपयों में बेचकर दूसरी जगह खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर पुनः नई झोपड़ी स्थापित कर ली जाती है, जिसके चलते देखा जावे तो नगर के पिछड़े हुए इलाकों में लगातार बाहरी लोगों की फौज बढ़ती ही चली जा रही है और प्रशासन के साथ साथ पुलिस भी बेखबर है? यदि पुलिस व प्रशासन द्वारा सयुंक्त रूप से अभियान चलाते हुए नगर में बाहरी लोगों द्वारा बनाई गई झोपड़यिों की जांच की जावे तो उनमें निवास करने वाले अनेक बाहरी लोग इस प्रकार के सामने आ सकते है जो अपने अपने क्षेत्र में अपराधों से जुडे हुए निकल सकते है..? क्योंकि इस प्रकार के लोगों द्वारा झोपड़यिों का निर्माण करते हुए जब नगर में किसी अपराधिक घटना को अंजाम देते हुए गायब हो जाते है तब कही पुलिस व प्रशासन द्वारा उनकी खोज खबर की जाती है तो पता चलता है कि जिस जगह वह निवास कर रहे है उनकी झोपड़ी तो काफी समय से बंद पड़ी हुई है या फिर उनके द्वारा किसी अन्य दूसरे व्यक्ति को बेचकर गायब हो गये है जिसके चलते फिर पुलिस द्वारा अपराधियों को सिर्फ खोजती ही रहती है?

# कैरोसिन न मिलने से गरीब परेशान, लकड़ी खरीदना हो रहा मुश्किल



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वर्तमान हाईटेक दौर में हालॉकि शहर के घरों में खाना बनाने के लिए रसोई गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है पर शहर की आबादी के बड़े हिस्से में गरीब बर्ग के लोग आज भी कैरोसिन र्इंधन पर ही निर्भर है जो खाना बनाने के लिए मिट्टी के तेल का ही उपयोग कर रहे है। क्योंकि रसोई गैस के लगातार बढ़ते हुये दामों के बीच वह हलाकान होने लगे है। ज्ञातव्य है कि शहर में मिट्टी के तेल की सर्वाधिक खपत होती है, जिसके चलते नगर के गरीबों का कहना है कि विडम्बना की बात है इन दिनों अनेक गरीबों को सरकार की गैस कनेक्शन तो प्रदान किये गये है। मगर उनके भरोसे पूरे घर का खाना बन सके यह संभव नही है। क्योंकि गैस के लगातार बढ़ रहे दामों के बीच गरीब परिवारों के लिये गैस खरीदना मुश्किल होने लगा है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा यह बात कही जा रही है कि लाड़ली बहिनों के लिये मात्र 450 रूपया में गैस प्रदान की जा रही है। मगर इस लाभ से अनेक परिवार बंचित है। क्योंकि अनेक परिवारों मे गैस कनेक्शन उनके पतियों के नाम होने से लाड़ली बहिनों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। इस स्थिति में जिन लोगों को शासन द्वारा गैस कनेक्शन प्रदान किये गये है उन्हें मिट्टी तेल देना बंद कर लिया गया है और जलाऊ लकड़ी के चल रहे भाव आसमान को छूते हुए दिखाई दे रहे है जो गरीबों द्वारा खरीद पाना मुश्किल जान पड रहा है तथा नगर में कैरोसिन की भी किल्लत है। क्योंकि अनेक गरीबों को शासकीय दुकानों से मिट्टी का तेल नही मिल पा रहा है। इस प्रकार से नागरिक खाद्य आपूर्ति विभाग की कैरोसिन के वितरण में कोताही बरतने का नतीजा है कि गरीबों को जरूरत के हिसाब से मिट्टी का तेल उपलब्ध नहीं हो रहा है? उन्होंने बताया कि सहकारी दुकानों से गरीबो को जहां कैरोसीन नही दिया जा रहा है वह कुछ गरीबों को मात्र चंद लीटर कैरोसिन हर माह वितरित किया जाने लगा है और शहर में अब मिट्टी के तेल की कालाबाजारी भी होने लगी है। शहर के अनेक गरीबो का आरोप है कि वास्ताविक हितग्राही तो मिट्टी के तेल से वंचित है। मगर विडम्बना की बात है कि होटलो, मिठाई की दुकानो के संचालक ब्लेक में कैरोसिन खरीद गरीबो का र्इंधन माने जाने वाला मिट्टी का तेल अपनी भट्टियो में फॅूक रहे है। शहर के मजदूरो, गरीब परिवारो की गृहणियो ने प्रशासन से मॉग की है कि शहर में मिट्टी के तेल की हो रही कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की पहल करें ताकि गरीब अपने घरों में आसानी से दो वक्त चूल्हा जला सके।

## खबर संक्षेप

### पुलिस उपमहानिरीक्षक ने किया कोतवाली अनूपपुर का वार्षिक निरीक्षण

अनूपपुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक (डी.आई.जी.) शहडोल रेंज सुश्री सविता सोहाने ने गुरुवार को थाना कोतवाली अनूपपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा, तथा टीआई कोतवाली अरविन्द जैन उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान थाने में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की परेड ली गई तथा उन्हें निर्धारित गणवेश में रहने और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए गए। डी.आई.जी. ने निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान हेतु निर्देश दिए। उन्होंने थाना में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सहानुभूति पूर्वक सुनने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। महिला संबंधी अपराधों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए निगरानी बदमाशों, आदतन अपराधियों और गुंडा तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। प्रभावी रात्रि गश्त के दौरान बैंक, एटीएम, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, और ज्वेलरी दुकानों जैसी संवेदनशील जगहों पर रोजाना चेकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डी.आई.जी. ने थाना परिसर की साफ-सफाई, रिकॉर्ड प्रबंधन, मालखाना और शस्त्रागार के रख-रखाव, बलवा ड्रिल सामग्री की व्यवस्था, हवालात की सफाई, और अपराध व चालान मामलों के बेहतर निपटान की सराहना की। सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए टी.आई. कोतवाली और उनकी टीम को पुरस्कृत किया गया। निरीक्षण के अंत में डी.आई.जी. ने पुलिस बल को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सकारात्मक दृष्टिकोण और तत्परता के साथ करने की प्रेरणा दी।

### कोयलांचल में बेखौफ हुये बदमाश

कोतमा। क्षेत्र में बदमाश बेखौफ होते जा रहे हैं जिनके द्वारा आए दिन शासकीय कर्मचारियों के साथ गाली गलौज मारपीट व धमकी देते हुए वाहनों को छुड़ाए जाने के मामले सामने आते रहते हैं। अभी हाल में ही भाजपा नेता के पुत्र अभिषेक सिंह उर्फ विक्की द्वारा पुलिसकर्मी के साथ गाली गलौज कर गाल मे थप्पड़ मारने सहित दूसरी घटना में लकड़ी तस्करों द्वारा बिजुरी वन अधिकारियों के साथ झूमा झटकी कर सरई (साल) से भरे वाहन लूटकर फरार होने की घटनाएं सामने आई थी। नए घटना क्रम में वन माफियाओं द्वारा नीलगिरी से भरे पिकअप वाहन को पकड़े जाने के बाद भी वन परिक्षेत्र चौकी लाने के दौरान वाहन छुड़ाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर वन रक्षक हरीश अहिरवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि लहसुई तिराहे के पास पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 3818 मे सूरज पटेल निवासी घोड़ा दफई भालूमाड़ा के द्वारा निलगिरी की लकड़ी लोड कराई गई थी। जांच के दौरान मौके पर किसी प्रकार टीपी नही पाए जाने पर वाहन को जप्त करते हुए चौकी लाने के दौरान आरोपी द्वारा बलपूर्वक गाड़ी छुड़ाकर भगा ले गया। घटना की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है की आरोपी के खिलाफ पूर्व मे भी वन अपराध दर्ज है साथ ही वाहन भी डिपो मे जप्त है।

इनका कहना है
नीलगिरी के अवैध परिवहन करते वाहन जप्त कर कार्रवाई के लिए चौकी लाने के दौरान आरोपी द्वारा बलपूर्वक गाड़ी छुड़ा कर ले गया मामले की शिकायत थाने में की गई है।
हरीश तिवारी,

## करौंदी व बरगांव के किसानों को दिया गया एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण

# कीटनाशक और खरपतवार नाशक दवा का किया वितरण

शहपुरा





किसानों को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवीनतम तकनीकों से लैस किया गया है। कलेक्टर हर्ष सिंह, डीडीए अभिलाषा चौरसिया, पीडीए आत्मा डॉ नेहा धुरिया के निर्देशन में बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया और कृषि विभाग, डिण्डौरी के संयुक्त प्रयास से करौंदी के ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बोरलॉग इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार एवं मनीष भारद्वाज ,चंदन कुमार ने किसानों को खरपतवार प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन और समन्वित पोषण प्रबंधन जैसी आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### खरपतवार नियंत्रण में नवीनतम तकनीकें:

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किसानों को खरपतवारों के दुष्प्रभावों और उन्हें नियंत्रित करने के नवीनतम तरीकों के बारे में बताया। किसानों को खरपतवार नाशक दवाओं के सुरक्षित उपयोग और उनके महत्व के बारे में भी बताया गया और निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया ।सिंचाई प्रबंधन पर विशेष ध्यान देते हुए, विशेषज्ञों ने किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई जैसी तकनीकों के बारे में बताया। इन तकनीकों से पानी की बचत होती है और फसलों को आवश्यक मात्रा में पानी मिलता है। इसके अलावा, मृदा नमी को बनाए रखने और जल अपव्यय को रोकने के लिए अन्य जल प्रबंधन तकनीकों पर भी चर्चा की गई।

### समन्वित पोषण प्रबंधनः

मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने और फसलों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समन्वित पोषण प्रबंधन पर जोर दिया गया। किसानों को मिट्टी परीक्षण के महत्व और उर्वरकों के संतुलित उपयोग के बारे में बताया गया।फसल अवशेषों के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। किसान भीमशंकर साहू , कैलाश तिवारी ने भी किसानों को प्रेरित किया। किसानों ने इस कार्यक्रम को बेहद उपयोगी बताया और उन्होंने इन तकनीकों को अपने खेतों में लागू करने की इच्छा जताई। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शहपुरा गुमान सिंह ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से लैस करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा।इस कार्यक्रम में करौंदी, बरगांव सहित क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।



## शहपुरा में निर्धारित स्थान पर लगाई जाएगी मछली, मीट की दुकान

मामला शहपुरा नगर का



डिंडोरी। विगत दिवस शहपुरा नगर परिषद में मछली मुर्गा अंडा मीट की दुकानों को चिन्हित स्थान देने को लेकर काफी लंबे समय से मांग की जा रही थी इसी को लेकर शहपुरा एसडीएम के निर्देशन पर नगर परिषद राजस्व की टीम के द्वारा नगर के खसरा नंबर 116 उमरिया मार्ग में स्थान चिन्हित कर नगर के सभी अंडा मछली मुर्गी मीट की दुकानों को लगाने के लिए स्थान चिन्हित किए हैं और लेआउट डालकर उन दुकानदारों को व्यवस्थित करने को लेकर आज दिन गुरुवार को उमरिया मार्ग खसरा नंबर 116 में रहे अतिक्रमण को हटवाकर जगह खाली कराया गया जिससे कि नगर में एक व्यवस्थित मीट मार्केट स्थापित हो सके इसी तारतम में नायब तहसीलदार शैलेश गौर और सहित आर.आई पटवारी व नगर परिषद के वारिज गिरी गोस्वामी सहित राजस्व के समस्त स्टाफ मौजूद रहा। शहपुरा नगर में जगह-जगह लग रही दुकानों को एक निश्चित स्थान पर दुकाने लगाने की समझाइस भी दी गई। और इसके लिये वार्ड क्रमांक -2 उमरिया मार्ग मे नगर परिषद शहपुरा द्वारा तैयार किये गये मछली मार्केट को निर्धारित किया गया है।

## सुशासन सप्ताह एवं जनकल्याण पर्व के तहत लोक सेवा केन्द्रों में विशेष अभियानों का किया जा रहा आयोजन



डिंडौरी

सुशासन सप्ताह एवं जनकल्याण पर्व के तहत जिले के सभी सात विकासखंडों में संचालित लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से एक दिवस के तहत सम्मिलित सेवाओं एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत सम्मिलित सेवाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम प्रशासन आपके द्वार की संकल्पना को पूरा करते हुए लोगों को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से अत्यंत कम समय में सेवाएं प्रदान करता है। आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, खसरा, नक्शा आदि सेवाएं केन्द्रों के माध्यम से दी जा रही हैं। प्रत्येक लोक सेवा केन्द्र में प्रतिदिन 25 से 30 आवेदन आत हैं , जिन पर त्वरित कार्यवाही कर आवेदकों को सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं। सुशासन सप्ताह के तहत सभी लोक सेवा केन्द्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सभी आमजन सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

## फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को मिल रहा शासन की योजनाओं का लाभ



डिंडोरी

फार्मर रजिस्ट्री किसानों का डिजीटल विवरण तैयार करने का माध्यम है, जिससे किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ सुगमता से प्रदान किया जा रहा है। डिंडौरी जिले के ग्राम नुनखान निवासी श्री रामकृपाल यादव बताते हैं कि वे पिछले कुछ दिनों से फार्मर रजिस्ट्री बनवाने के लिए प्रयासरत थे। जनकल्याण पर्व एवं सुशासन सप्ताह के तहत आज उनकी फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य पूर्ण हुआ। श्री रामकृपाल यादव ने जिला प्रशासन को फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। फार्मर रजिस्ट्री एक डिजीटल पहचान पत्र है जिसके माध्यम से किसान आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर, जमीन के खसरा लेकर किसान फार्मर आई.डी. बना सकता है। फार्मर रजिस्ट्री होने के बाद कृषकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सुगम और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध होता है। श्री रामकृपाल यादव ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनने से किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना आदि का लाभ सुगमता से प्राप्त हो पाएगा। शाहपुर नायब तहसीलदार श्री शशांक शेण्डे ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री आईडी किसानों के लिए हितकारी है, सभी ऐसे किसान जिनकी फार्मर रजिस्ट्री आईडी नहीं बन पायी है वे सभी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाकर शासन की योजनाओं का लाभ लें।

# 11 वाहन चालकों के विरूद्ध की गई चालानी कार्यवाही



डिंडौरी

यातायात के नियमों का पालन न करने वालों पर अंकुश लगाने के लिये आज 19 दिसम्बर 2024 को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह की उपस्थिति में यातायात पुलिस डिण्डौरी की टीम ने समनापुर तिराहा के पास वाहन चैकिंग लगाकर यातायात के नियमों का पालन न करने वाले चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की । चालानी कार्यवाही के दौरान नाबालिग बच्चों को समझाइश दी एवं 11 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की । उक्त चैकिंग का उद्देश्य लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करना रहा । चैकिंग के दौरान आने-जाने वाले लोगो को रोककर उन्हें हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग करने, सीट बेल्टा ना लगाना , नो पार्किंग मे वाहन लगाने पर नाबालिग बच्चों के द्वारा वाहन चलाना , यातायात के नियमों का पालन करते हुये स्वयं व दूसरों को सुरक्षित रखने की समझाईश दी गयी । कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी श्री सुभाष उइके एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।

## जिले में 21वीं पशु संगणना का कार्य प्रारंभ



डिंडौरी ।भारत सरकार द्वारा 21वीं पशु संगणना का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। डिंडौरी जिले में भी पशु संगणना के लिए नियुक्त प्रगणक/ पर्यवेक्षक घर-घर जाकर गणना कर रहे हैं। पशुपालन विभाग के उपसंचालक श्री एचपी शुक्ला ने बताया कि पशु संगणना का कार्य एक महत्वपूर्ण कार्य है जिसके माध्यम से भविष्य में शासन द्वारा पशुपालन संबंध में योजनाएं बनाई जाती हैं। शासन द्वारा पशुपालकों को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का लाभ पशु संगणना के माध्यम से सुगम होता है। पशु संगणना में पशुपालकों का सहयोग अपेक्षित है, जिससे उनके लिए शासकीय योजनाओं का कार्य सुचारू रूप से हो सकेगा। इसलिए समस्त जिलेवासी पशु संगणना के लिए आने वाले प्रगणक और पर्यवेक्षक का आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

## सुशासन सप्ताह और जनकल्याण पर्व के तहत गांव-गांव में शिविरों का हुआ आयोजन



डिंडौरी । प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रशासन आपके द्वार की संकल्पना को धरातल तक सुगम रूप से पहुंचाने के लिए चौथे सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया गया। साथ ही भारत सरकार एवं म.प्र. सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन एवं आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। जन कल्याण पर्व के तहत जनप्रतिनिधि अपनी सहभागिता निभाते हुए बड़ी संख्या में शिविरों में शामिल हो रहे हैं। ग्राम पंचायत मारगांव में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पवंती कुशराम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों के द्वारा शिविर में आए हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जनकल्याण पर्व के तहत समनापुर कलस्टर में आज ग्राम पंचायत मारगांव, बिलाईखार, पिपरिया, मझगांव रैयत में जन शिविर आयोजित किये गए। उक्त शिविरों में जनसुलभ तक शासन की योजनाओं का लाभ सुगमतापूर्वक पहुंचाया जा रहा है। शिविरों में पंचायत विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभाग जन जन तक प्रशासन आपके द्वार की संकल्पना को पूरा कर रहे हैं। सीईओ जनपद पंचायत समनापुर श्री सी.पी. साकेत ने बताया कि आयोजित शिविरो में 20 से अधिक हितग्राहियों के आवेदन स्वीकार किये गए। सुशासन सप्ताह और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत डिंडौरी नगर में शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए वार्ड क्रमांक 7 में जनशिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में 19 हितग्राहियों के आवेदन स्वीकृत किए गए।

# डिंडौरी में संपन्न हुआ अल्प विराम कार्यक्रम



डिंडौरी। विकासखंड डिंडौरी अंतर्गत आनंद विभाग के सौजन्य से 17 दिसंबर 2024 को एकदिवसीय अल्पविराम प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए व जीवन में तनाव दूर करने की अल्पविराम विधा का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ओ. पी. सिरसे भोपाल से आए हुए आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर श्री प्रदीप मेहतो, जिला संपर्क व्यक्ति एवं मास्टर ट्रेनर श्रीमती मंजूषा शर्मा शेख सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी जिसमें पंचायत विभाग से सहायक विकास विस्तार अधिकारी, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक राजस्व विभाग से पटवारी, जन शिक्षक ,स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आजीविका मिशन अंतर्गत स्वसहायता समूह की दीदीयां, कृषि विभाग एवं पुलिस विभाग के अमले ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## भाजपा मंडल मेहदबानी के नवनियुक्त अध्यक्ष सुदामा बर्मन का भव्य स्वागत



मेंहदवानी। भारतीय जनता पार्टी मंडल मेहदबानी के समस्त भाजपाइयों के द्वारा नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदामा बर्मन का फूल मालाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।स्वागत सम्मान कार्यक्रम के उद्बोधन भाजपा के बरिष्ट पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री रामगोपाल साहू जी, साहू समाज के जिलाध्यक्ष श्री दुर्गेश साहू जी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती इंद्रावती धुर्वे जी ने सम्बोधित किया अंत में मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सुदामा बर्मन ने कहा कि मुझे गर्व हैं की संगठन ने मुझे जो दायित्व दिया है उसे आप सभी वरिस्टों के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से हम मेहदबानी मंडल को बूथ से लेकर मंडल तक मजबूती प्रदान करेंगे । स्वागत कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, श्री रामगोपाल साहू , जेहर सिंह मरकाम, आंनद राम साहू ,हेमसिंह सरौते,घनश्याम मानिकपुरी,इंद्रावती धुर्वे, दुर्गेश साहू,रमेश साहू ,रामस्वरूप साहू ,सुदामा साहू, गुलाब भवेदी,सन्दीप रजक, सन्दीप तेकाम,श्री राम साहू जी,बुद्धदेव साहू ,चमर सिंह पूसाम,देवी प्रसाद साहू,रामचरन विश्वकर्मा, नवलसिंह, बैजनाथ साहू, प्रदीप साहू,नागेश्वर धनन्जय,राम प्रमोद साहू,रनमत मरकाम,अम्बिका प्रसाद साहू,विन्दे सैयाम,अक्कल सिह, सेवक लाल यादव,मनोज दास सोनवानी जी, दादू लाल उरवे ,सेवक लाल यादव, गयादास पड़वार, विजय धुर्वे,अरविंद मानिकपुरी,शैलेंद्र साहू,संजय साहू,हीरो सिह आर्मो, रघुवीर सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नियमों की धज्जियां उड़ा, बगैर जीएसटी करोड़ों का भुगतान प्राप्त कर रहे जि.प. के सदस्य

**अवैधानिक तरीके से करोड़ों का भुगतान प्राप्त कर शासन को लगा रहे पलीता**

डिंडौरी न्यूज। संवैधानिक तरीके से निर्वाचित जनप्रतिनिधि चुनाव के बाद किस तरह नियम कानूनों की धज्जियाँ उड़ाते हैं, इसकी बानगी अनेको जगह देखी जा सकती हैं, शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों को ठेंगा दिखाते हुए माननीय शासन को ही पलिता लगाने में जुट जाते हैं, इनके मनमानी और भ्रष्टाचार के खेल में बखूबी प्रशासनिक अधिकारी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुछ ऐसा ही मामला जिले के करंजिया ब्लॉक में सामने आया हैं, जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र परस्ते ग्राम पंचायतो सहित विभागों में जमकर अवैधानिक तरीके से मटेरियल सप्लायर के नाम पर शासन को पलिता लगाने का खेल कर रहें हैं, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना द्वारा ग्रामीण विकास, गरीब ग्रामीण पंजीकृत कृषक मजदूरों को रोजगार देना. ग्रामीण जल संवर्धन कार्य, पर्यावरण संतुलन, ताल तलैया, सरोवर आदि के कार्य कराये जाने का प्रावधान है, जिसके तहत ज़िला पंचायत डिंडोरी के अन्तर्गत वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 में अधोसरंचना निर्माण के कार्य स्वीकृत किये गये थे, उन कार्यों में ज़िला सदस्य वीरेंद्र परस्ते ने अपने पद् के प्रभाव का दुरूपयोग करते हुए इस महत्वाकांक्षी योजना से निजी लाभ अर्जित किया जाकर पदीय कर्तव्यों में घोर लापरवाही एवं बिल व्हाउचर लगाकर निजी लाभ अर्जित किया है। उपरोक्तानुसार राशि का भुगतान वीरेंद्र परस्ते, ज़िला सदस्य, ज़िला पंचायत डिंडोरी, ज़िला डिण्डौरी ने अपनी फर्म के बैंक खाता में प्राप्त कर प्रत्यक्ष लाभ अर्जित किया है। इसी प्रकार ज़िला पंचायत डिंडोरी के अन्तर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में ज़िला सदस्य के द्वारा स्वीकृत मूलभूत की राशि से एवं विभिन्न मदों की राशि से भी स्वीकृत कार्यों में बिल लगाकर प्रत्यक्ष लाभ अर्जित किया है तथा पंचायत राज अधिनियम में प्रदत्त दायित्व एवं कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही दुरूपयोग कर शासकीय धन का भ्रष्टाचार एवं गबन किया है।

### ग्राम स्वराज एवं पंचायत अधिनियम में ये हैं प्रावधान

मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 में स्पष्ट प्रावधान है कि कोई भी त्रि स्तरीय पंचायती राज के तहत निर्वाचित कोई भी जनप्रतिनिधि शासकीय योजनाओं से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लाभ अर्जित नही कर सकता तथा अपने रिश्तेदार या नातेदारों को भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लाभ नही दे सकता। परन्तु ज़िला सदस्य वीरेंद्र परस्ते के द्वारा पंचायत राज अधिनियम की धज्जियां उड़ाते हुए लाभ अर्जित किया गया है। जनप्रतिनिधि का दायित्व है कि वह अपने क्षेत्र के लोगों के भलाई के लिये निःस्वार्थभाव से सेवा का कार्य करे। किन्तु वीरेंद्र परस्ते के द्वारा लोगों के भलाई का कार्य न करते हुए निजी लाभ अर्जित किया गया है।

### बगौर जीएसटी भुगतान प्राप्त कर नहीं चुका रहें जीएसटी

नियमानुसार यदि आप 40 लाख रुपये से अधिक वार्षिक टर्नओवर वाले माल के आपूर्तिकर्ता हैं तो एक व्यवसाय के रूप में जीएसटी के लिए पंजीकरण अनिवार्य है, वही बिना जीएसटी से रजिस्टर्ड वेंडर आईडी में भुगतान करना नियमविरूध है इन ख़ातो में भुगतान करने से शासन को ना तो जीएसटी मिलता है और ना ही आयकर । लेकिन वर्तमान मामले में लक्ष्य ट्रेडर्स नामक फर्म के व्यवसाई जिसके मालिक ज़िला सदस्य वीरेंद्र परस्ते है, उक्त मानदंडों को दरकिनार कर भुगतान प्राप्त कर रहे है, उक्त फर्म का एसटीआईएन स्वतः संज्ञान से रद्द किया गया है जो 21/10/2022 से प्रभावी है।

## कलेक्टर की मौजूदगी में चलाया गया सफाई अभियान

# कार्यालयों व शाखाओं का कलेक्टर ने किया अवलोकन

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।**

गत दिवस सुशासन दिवस के अवसर पर चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कलेक्टर ने विभिन्न कार्यालयों व शाखाओं में अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा सफाई कर कार्यालयों का अवलोकन किया। अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा स्वयं श्रमदान करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर एवं अन्य क्षेत्रों में संचालित शासकीय कार्यालयों में विभिन्न स्थानों पर झाड़ू लगाकर एवं कचरा उठाकर सफाई की गई तथा स्वच्छता बनाये रखने की बात कही गई।

### स्वस्च्छता को अपनायें

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कलेक्ट्रेट में विभिन्न कार्यालयों व शाखाओं का जायजा लिया। उन्होंने अपर कलेक्टर, भू- अभिलेख, खाद्य, जिला योजना, शहरी विकास अभिकरण, आबकारी, वित्त, राहत, एनआईसी सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक दिनचर्या में सफाई को शामिल करें। प्रतिदिन अपने घर एवं कार्यालयों में श्रमदान कर स्वच्छता का वातावरण निर्मित करें और अन्य व्यक्तियों को भी स्वच्छता बनाये रखने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।





### 25 तक मनाया जाएगा सुशासन दिवस

केंद्र सरकार द्वारा चौथा सुशासन सप्ताह 19 से 25 दिसंबर 2024 तक मनाया जा रहा है। सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गाँव की ओर अभियान चलाकर केंद्र शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं में हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर एवं लंबित आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों का सैचुरेट भी किया जाएगा। आवेदनों के निराकरण से संबंधित पूरी जानकारी इस ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। इसी तारतम्य में जिले में सभी विकास खंडों में विभिन्न गतिविधियों कार्यशालाओं शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बुधवार सुबह कमिश्नर व कलेक्टर्स के साथ सुशासन सप्ताह प्रशासन गाँव की ओर मनाये जाने के संबंध में वीसी के माध्यम से निर्देशित किया है। वीसी कक्ष में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### 46 छात्र- छात्राओं के बनाये गये लर्निंग लाइसेंस



सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान- आईटीआई नरसिंहपुर में लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिये विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 46 छात्र- छात्राओं के लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस बनाये गए। जिला परिवहन अधिकारी जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिले के महाविद्यालयों में ड्रायविंग लायसेंस बनाने का कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में आईटीआई नरसिंहपुर में छात्र व छात्राओ के लाइसेंस बनाये गए हैं। उन्होंने बताया कि लड़कियों के लिए निरूशुल्क और लड़कों के लिए 274 रुपये का शुल्क के साथ लायसेंस बनाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम कमती का मामला: कागजों में जिंदा भाजी को मृत घोषित किया

**गोटेगांव।** गोटेगांव के समीपवर्ती ग्राम कमती निवासी मुलायम सिंह की जीवित भाजी को कागजों में मृत घोषित कर दिया,कंमती निवासी मुलायम सिंह ने बताया कि मैंने तहसील कार्यालय में नामांतरण के लिए कागज पेश किए थे जिसमें मेरी जीवित भांजी को अधिकारियों ने कागजों में मृत घोषित कर दिया है और उसका वारिसाने मुझे बना दिया, जबकि उसकी भांजी अभी जिंदा है, वहीं पीड़ित द्वारा नाम सुधारने के लिए आवेदन देने के बाद आज दिनांक तक कागजों में सुधार नहीं किया गया,पीड़ित ने कहा पहले भी वह, सुधार के लिए एक बार आवेदन दे चुका है,लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं, बीते मंगलवार को जिला मुख्यालय जनसुनवाई में पहुंचकर पीड़ित ने कलेक्टर को फिर से कागजों में नाम सुधार करने का आवेदन दिया।

### अपार आईडी संशोधन कार्य जारी

**तेंदूखेड़ा ।** इन दिनों शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में छात्र छात्राओं की अपार आईडी बनाने का कार्य जारी है। अपार आईडी के लिए यू डाइस पोर्टल एवं आधार कार्ड में छात्र छात्राओं की जानकारी एक समान होना आवश्यक है। यू डाइस पोर्टल पर अपार आईडी बनाने के लिए छात्रों की जानकारी में संशोधन कार्य जनपद शिक्षा केंद्र में हो रहा है। विदित हो कि अपार आईडी के लिए यू डाइस पोर्टल पोर्टल पर फॉर्म एस 3 के जरिए संशोधन का कार्य होता है। ऐसे में स्कूलों के शिक्षक उक्त फॉर्म भरकर आवश्यक सुधार हेतु बीआरसी कार्यालय में उपस्थित हो रहे हैं। स्वयं बैठकर सुधार कार्य करवा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों ने समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों को निर्देशित किया है कि शीघ्र ही सभी छात्राओं की अपार आईडी का कार्य पूर्ण कर लें जिससे छात्र-छात्राओं को समय रहते छात्रवृत्तियों का लाभ मिल सके।

### मजदूर संघ को मिली ऐतिहासिक जीत



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस संपन्न हुए भारतीय रेलवे के मान्यता चुनाव मै वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने पूरे डब्लू सी आर जोन में प्रथम स्थान पर ऐतिहासिक जीत हासिल की। सम्पूर्ण जोन में यह जीत अब तक की सबसे बड़ी जीत रही इसके साथ ही अब डब्लू सी आर जोन में केवल एकमात्र संगठन वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ मान्यता में रहेगा। इस चुनाव में बाकी सभी संगठनों की मान्यता रद्द हो गई, इस उपलक्ष्य में ब्रांच के सचिव सुनील जाट ने कहा कि अब हमारा प्रथम लक्ष्य पुरानी पेंशन योजना है जो हम लेकर रहेंगे। साथ ही पहले से ओर मजबूती के साथ हम कर्मचारियों के हित में कार्य करेंगे। इस जीत की खुशी मै संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं कर्मचारियों ने रेलवे स्टेशन से रेलवे कॉलोनी तक ढोल नगाड़ों के साथ बड़े उत्साह से विजयी जुलूस निकाला एवं कर्मचारियों का अभिवादन व आभार प्रकट किया, इस दौरान निम्न कर्मचारी कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। सुनील जाट, प. देवेंद्र शुक्ला, विकास श्रीवास्तव, अभिमन्यु चौहान, राजेंद्र बैरागी, नम्रता सोलंकी, कृपाल सिंह, मो. आरिश खान, पार्वती कहार, दशरथ चैधरी, आदि उपस्थित रहे।

### व्यापारी एवं थोक विक्रेताओं की अधिकतम स्टॉक सीमा निर्धारित

**नरसिंहपुर।** उपभोक्ता संरक्षण, खाद एवं सार्वजनिक वितरण विभाग भारत सरकार द्वारा स्टॉक सीमा लागू करने के संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 के प्रावधानों के अनुसार व्यापारी एवं थोक विक्रेता के गेहूं स्टॉक की सीमा नियत की गई है। इस संबंध में राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने निर्देशित किया है कि उक्त समस्त इकाईयां खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर स्टॉक की स्थिति की घोषणा करेंगी। यदि उनके पास धारित स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक है, तो अधिसूचना जारी होने के 15 दिवस के अंदर इसे निर्धारित स्टॉक सीमा तक लायेंगे। उल्लेखनीय है कि व्यापारी थोक विक्रेता एक हजार टन, रिलेटर प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 5 टन, बिगचेन रिटेलर के प्रत्येक आउटलेट के लिए 5 मीट्रिक वशर्ते कि उनके सभी आउटलेट और डिपो पर स्टॉक की अधिकतम मात्रा (आउटलेटो की कुल संख्या से 5 गुणा) मीट्रिक टन हो। प्रोसेसर्स मासिक स्थापित क्षमता के 50 प्रतिशत मात्रा को अप्रैल 2025 तक शेष महीनों से गुणा के बराबर की अधिकतम स्टॉक सीमा नियत की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने गेहूं से संबंधित व्यापारियों से आग्रह किया है।

## आरोहण के द्वितीय दिवस खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

जिले के उच्च शिक्षण संस्थान एम.आई.एम.टी. कॉलेज द्वारा खेलो इंडिया यूथ गेम मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से प्रेरित होकर आरोहण के तहत विविध प्रतियोगिताऐं विगत 18 दिसम्बर से आयोजित की जा रही है। द्वितीय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन अनिल व्यौहार जिला शिक्षा अधिकारी के मुख्य आतिथ्य, चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी की अध्यक्षता एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग, देवेश वैद्य की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन, सरस्वती पूजन तथा राष्ट्रगान के साथ शुभारंभ किया गया। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएँ दी। कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, कैरम, शतरंज एवं बैडमिन्टन की प्रतियोगिताओं मे खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं का फाइनल मुकाबला आज खेला जायेगा तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## काली पट्टी बांधकर कांग्रेसजनों में किया विरोध



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारियों द्वारा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संसद में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में बेलघर कॉम्प्लेक्स नरसिंहपुर में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। मौन धारण प्रदर्शन के पहले डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया गया। मोन धारण प्रदर्शन के पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा की बेहद अफसोस और चिंता का विषय है कि देश के गृहमंत्री डॉ आंबेडकर को लेकर आपत्तिजनक बयान संसद में दे रहे हैं। पूरा देश संविधान निर्माता के प्रति आस्था रखता है यही कारण है कि कोई भी वर्ग गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं करेगा। इस मौके पर मौजूद अन्य कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा हमेशा से ही संविधान के विरुद्ध काम करती आ रही है। अमित शाह की टिप्पणी भाजपा की मानसिकता को प्रमाणित करती है। अफसोस यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अमित शाह का बचाव कर रहे हैं। उक्त मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित राय गोलू, भगवंत सिंह जाट, राजेंद्र नेमा, बॉबी खान आशीष राजवैध, राजीव राणा, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, सुरेश ठाकुर, अरविंद चैबे, गब्बर नोरिया, बबलू भाई कल्याणपुर, घनश्याम जाटव, सोहन रैकवार, राजीव मसीह, इंद्र जाटव, विष्णु प्रसाद, अकरम खान, चंदन राय के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस की पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सरकारी कालेज में नहीं बढ़ सके विषय

**तेंदूखेड़ा**



एक दशक पूर्व शुरू हुये शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को कला संकाय के अलावा दूसरे विषय नहीं खुलने से जहां छात्र छात्राएं परेशान हो रहीं हैं वहीं बाहर जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है। महाविद्यालय में वर्तमान में 458 छात्र छात्राएं अध्ययन रत हैं। इनमें प्रथम वर्ष में 182 द्वितीय वर्ष में 191और तृतीय वर्ष में 85 छात्र छात्राएं अध्ययन किया करते हैं। लेकिन यहां पर विडम्बना यह बनीं हुई है कि जिस दिन से महाविद्यालय खुला है उसी दिन से केवल कला संकाय ही संचालित है वाकी अन्य संकाय खोलने के लिए अनेकों बार मांग करने के बाबजूद भी विषय नहीं बढ़ पाना सोचनीय विषय बना हुआ है।विषय ना बढ़ पाने के कारण छात्रों को बाहर दूसरे सरकारी कालेजों में अध्ययन के लिए आना जाना करना पड़ता है या फिर प्राइवेट कालेजों में दाखिला लेकर मंहगी फीस के साथ अध्यापन करना पड़ता है।विषय बढ़ाये जाने को लेकर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने निर्वाचित होने के तत्काल बाद महाविद्यालय में विषय बढ़ाये जाने के लिए पत्र लिखा था और उच्च शिक्षा मंत्री के तेंदूखेड़ा अल्प प्रवास के दौरान यहां की वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया था लेकिन एक लंबे समय के अंतराल के बाद भी यहां पर विषय ना बढ़ पाना सोचनीय विषय बना हुआ है।

### नहीं है पर्याप्त भवन

महाविद्यालय नगर के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के किनारे पहाड़ी तरफ स्थित है वहीं इसकी सुरक्षा को लेकर बाउंड्री वॉल हेतु अनेकों बार उच्च शिक्षा विभाग के लिए कागजी घोड़े दौड़ाये गये लेकिन आज तक इस दिशा में कोई उचित पहल ना हो पाना भी सोचनीय विषय बना हुआ है।साथ ही साथ महाविद्यालय के लिए आवश्यकता अनुसार पर्याप्त भूमी भी आवंटित की गई है लेकिन शुरुआत दौर में बजट समस्या के चलते केवल कुछ कमरे ही बना दिये गये थे लेकिन विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए महाविद्यालय में जगह की बेहद संकीर्णता बनीं हुई है। स्थिति यह बनीं हुई है कि कालेज की दालान में भी छात्रों को अध्यापन करना पड़ता है। चूंकि दो अन्य और विषय बढ़ने के बाद क्या स्थिति होगी यह सोच का विषय है।

### नियमित प्राध्यापक प्राचार्य भी नहीं

वर्तमान में इस महाविद्यालय में नियमित प्राचार्य की व्यवस्था नहीं है और ना ही नियमित प्राध्यापक अतिथी विद्वानों और प्रभार के माध्यम से कालेज का संचालन हो रहा है। महाविद्यालय के सभी अधिकार लीड कालेज नरसिंहपुर को हैं। छात्रों की संख्या स्थिति को देखते हुए शीघ्र ही यहां पर पर्याप्त विषय और भवन बाउंड्री वॉल की व्यवस्था किये जाने की मांग पालक वर्ग ने की है।

### पशु संगणना में पशुपालक करें सहयोग

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले के सभी पशु पालकों को सूचित किया है कि भारत सरकार द्वारा 21 वीं पशु संगणना का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। इसके लिए पशुओं की गिनती करने के लिए विभाग का अमला आपके घर पहुंच रहा है। यह एक महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि भविष्य में शासन द्वारा पशुपालन संबंधी विभिन्न योजनायें बनाई जायेंगी। पशुपालकों के कल्याण के लिए योजनाएं तभी सुचारू चलेंगी। जब पशुपालकों द्वारा प्रगणकों को पशु संगणना में चाही गई जानकारी में सहयोग किया जावे। उन्होंने सभी पशु पालकों से पशु संगणना कार्य में लगे समस्त प्रगणकों को सहयोग करने की अपेक्षा की है। इस कार्य के लिए ग्राम स्तर से पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण स्तर पर कार्यरत शासकीय सेवकों, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव व जीआरएस, राजस्व विभाग के आर आई, पटवारी एवं कोटवार भी इस महाअभियान में सहयोग करेंगे। पशु संगणना में कार्यरत समस्त प्रगणक अपना कार्य समयावधि में पूर्ण करेंगे।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 23 को

**नरसिंहपुर।** जिला खेल, युवा कल्याण विभाग नरसिंहपुर, नेहरू युवा केन्द्र नरसिंहपुर और राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 23 दिसंबर को शासकीय मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में प्रातः 10 बजे से आयोजित की जायेगी। जिला स्तर पर युवा उत्सव प्रतियोगिता में विज्ञान मेला (व्यक्तिगत), विज्ञान मेला (समूह), युवा लेखक, युवा कलाकार (चित्रकला), फोटोग्राफी, भाषण, जिला सांस्कृतिक उत्सव (समूह कार्यक्रम) व लोक नृत्य में प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष तक के ही युवा भाग ले सकते हैं। जिले के इच्छुक प्रतिभागी दल एक पासपोर्ट साइज की फोटो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र या हाईस्कूल की अंकसूची व मूल निवासी प्रमाण पत्र अपने आवेदन के साथ संलग्न कर 22 दिसंबर तक जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी नरसिंहपुर में जमा करना होगा। इस प्रतियोगिता में पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक होगा। उक्त निर्धारित तिथि व समय अवधि के पश्चात प्रविष्टियां स्वीकार नहीं की जायेंगी। इस प्रतियोगिता में एक प्रतिभागी को केवल एक ही विधा में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

## विधायक महेंद्र नागेश ने झोतेश्वर में बंद पड़ी अस्पताल का मुद्दा विधानसभा में उठाया

**गोटेगांव**



विधायक महेंद्र नागेश के अथक प्रयासों से इस अस्पताल को 30 बिस्तरों और 61 मानव संसाधनों के साथ चालू किया जाएगा। अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और सुविधाओं से लैस यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।इस अस्पताल भवन को चालू कराने के लिए महेंद्र नागेश ने लगातार प्रयास किए। उन्होंने विधानसभा के प्रश्नकाल में इस मुद्दे को उठाया, जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने इसे मंजूरी दी। इसके साथ ही भवन की मरम्मत, नई मशीनों की स्थापना और आवश्यक मानव संसाधन की नियुक्ति के लिए विशेष बजट स्वीकृत किया गया।जनता ने की विधायक की सराहनास्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए विधायक महेंद्र नागेश की प्रशंसा की है। उनका कहना है कि वर्षों से बंद पड़े अस्पताल को चालू कराने के लिए उन्होंने जो मेहनत की है, वह सराहनीय है। लोगों ने इसे क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे आसपास के गांवों और झोतेश्वर क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा,अस्पताल में न केवल 30 बिस्तरों की सुविधा होगी, बल्कि अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण और सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। 61 कर्मचारियों की टीम में डॉक्टर, नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल होंगे, जो अस्पताल के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करेंगे।विधायक महेंद्र नागेश ने कहाश्इस अस्पताल को शुरू कराना मेरा सपना था। वर्षों से बंद पड़े इस भवन को फिर से क्षेत्र के लोगों के लिए उपयोगी बनाना मेरे लिए गर्व की बात है।वहीं इस अस्पताल की शुरुआत से झोतेश्वर और आसपास के गांवों के लोगों को इलाज के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह पहल क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगी। गौरतलाब हो बंद पड़ी अस्पताल का मुद्दत समय-समय पर अखबारों की सुर्खियां भी बनता रहा है।

## रेलवे अंडरब्रिज निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जबलपुर डिवीजन के इटारसी- जबलपुर खंड पर रेलवे लेवल क्रासिंग नंबर 286, 287 व 293 के लिए अंडरब्रिज के प्रस्तावित निर्माण के पूर्व रेलवे लेवल क्रासिंग बंद करने के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने निर्धारित शर्तों का पालन सुनिश्चित करने के आधार पर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये हैं। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोटेगांव के जांच प्रतिवेदन से सहमत होते हुए विभिन्न शर्तों का पालन करने के लिए कहा गया है। जारी अनापत्ति प्रमाण पत्रों के अनुसार जिन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है, उनमें ओवरब्रिज निर्माण कार्य के दौरान रेलवे फाटक बंद नहीं किया जावे, यदि फाटक बंद किया जा रहा है, उस स्थिति में वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जावे। किसी भी स्थिति में आवागमन बाधित नहीं हो। अंडरब्रिज निर्माण पश्चात जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। उक्त स्थिति उत्पन्न होने की स्थिति में रेलवे द्वारा जलभराव के उचित निपटान की व्यवस्था की जावे। अंडरब्रिज निर्माण पश्चात अंडरब्रिज के दोनों और प्रकाश व्यवस्था रेलवे द्वारा की जावे। उक्त रेलवे फाटक को अंडरब्रिज निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही तथा अंडरब्रिज से आवागमन प्रारंभ होने के पश्चात ही स्थाई रूप से बंद किया जावे। कलेक्टर ने जबलपुर डिवीजन के इटारसी- जबलपुर खंड पर रेलवे क्रासिंग नंबर 286, 287 व 293 को बंद किये जाने के लिए उक्त शर्तों का पालन करने की दशा में अनापत्ति प्रदान की गई है।



## धान खरीदी केंद्रों पर गड़बड़ी मिलने पर हुई कारवाही

**गोटेगांव**

गोटेगांव विकासखंड के अंतर्गत शासकीय समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन केन्द्रों धान खरीदी की जा रही है जिसका अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें पद्मावती वेयरहाउस में नॉन faq स्टॉक को तुरंत ऑनलाइन रिजेक्ट करने के निर्देश देते हुए माल वापसी के निर्देश दिए गए शिवशक्ति एग्रो में खरीदी कर रही सेवा सहकारी समिति इमलिया में अवैध भंडारित 53 बोरी धान नॉन faq स्तर की पायी गई जिसकी जपती बनाके वेयरहाउस में सुपर्द कर दी गई है यह कार्यवाही वेयर हाउस प्रबंधक श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर के दिशा निर्देशन में की गई है उन्होंने बताया आगे भी जिस भी केंद्र पर गड़बड़ी की शिकायत मिलेगी या फिर निरीक्षण के दौरान गड़बड़ी मिलेगी उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी श्रीमती ठाकुर द्वारा धान खरीदी केंद्रों की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है और खरीदी केंद्रों के प्रबंधकों को सख्त आवश्यक निर्देश भी दिए जा रहे हैं। जिससे किसानों को कोई परेशानी उत्पन्न ना हो।